प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 05.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नौ और दस मई को और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी सात मई से करेंगे झारखंड में चुनावी सभाएं।
2. राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–नीट आज, देशभर के 557 और विदेशों के 14 शहरों से 24 लाख से अधिक विद्यार्थी हो रहे हैं शामिल, परीक्षा दोपहर दो बजे से।
3. गांडेय विधान सभा उपचुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश कुमार सिंह को आज गिरिडीह जिले की पुलिस ने खतियान और जमीन से जुड़े मामले में गिरफतार कर लिया है।
4. धनबाद आद्रा मंडल में ट्रैफिक कम पॉवर ब्लॉक लिये जाने के कारण आज धनबाद एल्लेपी सहित कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित।
5. आरपीएफ ने आज ऑपरेशन नारकोस के तहत रांची रेलवे स्टेशन से 55 ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर किया बरामद, एक महिला सहित तीन तस्कर गिरफ्तार।

*******************

लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नौ और दस मई को जबकि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी सात मई से झारखंड में चुनावी सभाएं करेंगे। गृहमंत्री दस मई को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के पक्ष में खूंटी के बिरसा मुंडा कॉलेज ग्राउंड में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके पूर्व वे नौ मई को रांची पहुंचेंगे। उधर इंडी गठबंधन की तरफ से कांग्रेस नेता राहुल गांधी 07 मई को राज्य के दौरे पर आ रहे हैं। लोहरदगा, खूंटी लोकसभा क्षेत्र के लिए गुमला के सिसई में उनकी जनसभा होगी। इसके साथ ही सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में भी राहुल गांधी की जनसभा इसी दिन प्रस्तावित है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बताया कि राहुल गांधी जनसभा करने के लिए सात मई को रांची पहुंचेंगे। लोहरदगा और खूंटी दो लोकसभा सीटों को लेकर गुमला के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं चाईबासा में भी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

*******************

महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के सिमपुर गांव में इंडी गठबंधन से जुड़े पंचायत एवं प्रखण्ड स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। इसमें राजमहल लोकसभा सीट के प्रत्याशी विजय हांसदा की जीत पक्की करने को लेकर रणनीति एवं कार्ययोजना पर चर्चा हुई। बैठक में सांसद सह राजमहल प्रत्याशी विजय हांसदा, विधायक स्टीफन मराण्डी सहित कांग्रेस, झामुमो और राजद के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में गठबंधन प्रत्याशी विजय हासदा ने एसटी एससी आरक्षण एवं संविधान को खत्म करने की केंद्र सरकार एवं भाजपा की नीतियों पर जमकर हमला बोला एवं कार्यकर्ताओं से जोरशोर से चुनाव करने की अपील की।

*******************

स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से आज शाम धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में फूड फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करना है। शाम छह बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में रॉक बैंड और झूमर नृत्य भी शामिल है। इस दौरान मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई जाएगी।

*******************

चतरा लोक सभा सीट पर 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के बाद से कुल 31 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। 4 मई को स्क्रूटनी का समय पूरा होने के पश्चात 8 उम्मीदवारों का निर्देशन पत्र रद्द कर दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी चतरा रमेश घोलप ने कल शाम जानकारी के दौरान बताया की चतरा लोक सभा सीट के लिए कुल 69 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे जिनमें से 31 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। 8 उम्मीदवारों का नामांकन त्रुटिपूर्ण होने के कारण रद्द कर दिया गया है। स्क्रूटनी का कार्य पूरा होने

के बाद अब कुल 23 उम्मीदवार मैदान में है। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 6 मई निर्धारित है। चतरा लोक सीट पर वोट 20 मई को होना है।

*******************

राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नेहा अरोड़ा ने बताया कि छठे चरण के लोकसभा चुनाव के तहत गिरिडीह लोकसभा सीट के लिए कल 8 नामांकन दाखिल किये गये। इस तरह अब तक कुल 24 नामांकन प्राप्त हो चुके हैं, जबकि यहां प्रत्याशियों की संख्या 13 है। इधर धनबाद लोकसभा सीट के लिए 14 नामांकन दाखिल किये गये। उन्होंने बताया कि रांची लोकसभा सीट के लिए अब तक कुल 32 नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। वहीं जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए 16 नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं।

*******************

चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–नीट आज देशभर में आयोजित की जा रही है। इस वर्ष देशभर के 557 और विदेश के 14 शहरों में 24 लाख से अधिक विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक होगी। परीक्षा पेपर मोड पर ऑफलाइन होगी। राजधानी रांची में इसके लिए कुल 21 स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। इसमें लगभग ग्यारह हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। वहीं पलामू जिले के तीन केंद्रों पर भी यह परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा भवन में दोपहर डेढ़ बजे तक ही प्रवेश करने दिया जाएगा। नीट यूजी की परीक्षा के माध्यम से देशभर के सरकारी और गैर सरकारी मेडिकल परीक्षा संस्थानों–एमबीबीएस, बीडीएस में नामांकन ले सकते हैं।

*******************

राजमहल लोकसभा क्षेत्र में मतदान 1 जून को, यानी अंतिम चरण में निर्धारित है।

*******************

गांडेय विधान सभा उपचुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश कुमार सिंह को आज गिरिडीह जिले की पुलिस ने गिरफतार कर लिया है। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि इनके विरुद्ध कई थानों में मामले दर्ज हैं। बेंगाबाद के सीओ ने भी मामला दर्ज कराया था। यह मामला खतियान और जमीन से जुड़ा है। एसपी ने बताया कि पुलिस ने कोर्ट से वारंट हासिल किया था। फिलहाल पुलिस प्रत्याशी अवधेश कुमार सिंह को बेंगाबाद थाना ले गई है।

*******************

धनबाद आद्रा मंडल में आज ट्रैफिक कम पॉवर ब्लॉक लिये जाने के कारण धनबाद एल्लेपी सहित कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। धनबाद– एल्लेपी एक्सप्रेस आज बोकारो के बजाय चन्द्रपुरा–गोमिया– बरकाकाना–मूरी के रास्ते आगे जाएगी। वहीं झारग्राम–धनबाद– झारग्राम मेमू एक्सप्रेस और बर्द्धमान–हटिया–बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस रद्द कर दी गई है।

*******************

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने आज ऑपरेशन नारकोस के तहत रांची रेलवे स्टेशन से 55 ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर बरामद किया है। इस मामले में एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद ब्राउन शुगर की कीमत 11 लाख 13 हजार रुपए बतायी जा रही है। आरपीएफ पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार जांच टीम ने तीनों तस्करों को गिरफतार किया है।

*******************

लोकसभा चुनावों के बीच केंद्र सरकार ने कल प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया है। इसके साथ न्यूनतम निर्यात मूल्य पांच सौ पचास डॉलर–प्रति टन तय किया गया है। इस फैसले से महाराष्ट्र सहित प्याज उत्पादक क्षेत्रों में किसानों के एक बड़े वर्ग की आय बढ़ाने मे मदद मिल सकती है।

*****************